Literacy for a Billion

Movie: Mehboob Ki Mehandi
Year: 1971

इस ज़माने में
इस मोहब्बत ने
कितने दिल तोड़े
कितने घर फूँके

जाने क्यों लोग
मोहब्बत किया करते हैं
जाने क्यों लोग
मोहब्बत किया करते हैं

दिल के बदले
दर्दे दिल
लिया करते हैं

जाने क्यों लोग
मोहब्बत किया करते हैं

तनहाई मिलती है
महफ़िल नहीं मिलती
राहें मोहब्बत में कभी
मंज़िल नहीं मिलती

दिल टूट जाता है
नाकाम होता है
उल्फ़त में लोगों का
यही अंजाम होता है

कोई क्या जाने
क्यों ये परवाने

Song: Jaane Kyon Log Mohabbat
Lyricist: Anand Bakshi

क्यों मचलते हैं
ग़म में जलते हैं

आहें भर भरके
दीवाने जिया करते हैं
आहें भर भरके
दीवाने जिया करते हैं
जाने क्यों लोग
मोहब्बत किया करते हैं

सावन में आँखों को
कितना रुलाती है
फ़ुर्कत में जब दिल को
किसीकी याद आती है

ये ज़िन्दगी यूँ ही
बरबाद होती है
हर वक़्त होंठों पे कोई
फ़रियाद होती है

ना दवाओं का
नाम चलता है
ना दुआओं से
काम चलता है

ज़हर ये फिर भी
सभी क्यों पिया करते हैं
ज़हर ये फिर भी
सभी क्यों पिया करते हैं

जाने क्यों लोग
मोहब्बत किया करते हैं

महबूब से हर ग़म
मनसूब होता है
दिन रात उल्फ़त में
तमाशा ख़ूब होता है

रातों से भी लम्बे
ये प्यार के क़िस्से
आशिक़ सुनाते हैं
जफ़ाए यार के क़िस्से

बेमुरव्वत है
बेवफ़ा है वो
उस सितमगर का
अपने दिलबर का

नाम ले लेके
दुहाई दिया करते हैं
नाम ले लेके
दुहाई दिया करते हैं

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.